हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 28 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


10 प्रभारी सचिव डॉ. प्रसन्ना धान उपार्जन केंद्र लोलेसरा पहुंचे





08 फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड का टेंडर ...




## खबर संक्षेप

### स्थानीय अवकाश में परिवर्तन एक नहीं, 12 नवंबर को छुट्टी

**बेमेतरा।** कलेक्टर ने पहले घोषित स्थानीय अवकाश में परिवर्तन करते हुए 1 नवंबर को गोवर्धन पूजा के स्थान पर 12 नवंबर 2024 देवउठनी एकादशी को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश कोषालय, उप कोषालय एवं बैंकों के लिए लागू नहीं होगा। बता दें कि राज्य शासन द्वारा 1 नवंबर को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। इस आदेश के तहत छत्तीसगढ़ के सभी सरकारी दफ्तर और संस्थाएं बंद रहेंगे। इसलिए कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश में परिवर्तन करते हुए 1 नवंबर के स्थान पर 12 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है।

### ग्राम बरगा में मातर मड़ई 3 को

**थानखम्हरिया।** भाई दूज के अवसर पर 3 नवंबर को ग्राम बरगा में ऐतिहासिक मातर-मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू होंगे। इस दौरान श्री साहू विकास कार्यों का भूमिपूजन भी करेंगे। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, मंडल अध्यक्ष पुन्नी तोरण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, सभापति गोवेन्द्र पटेल, अनिल सिंघानिया, राजेश ठाकुर, राजेन्द्र वर्मा होंगे। सरपंच प्रतिनिधि बल्लु नोहर पाल ने बताया कि बरगा में भाई दूज पर मातर-मड़ई का आयोजन एक ऐतिहासिक परम्परा है, जिसमें ग्रामीण संस्कृति और लोक कला का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिलता है। मातर-मड़ई के आयोजन के दौरान राउत-नाचा, डाड़, अखाड़ा जैसे पारंपरिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### आवक कम, इस बार कमल की कीमत दोगुनी हुई

**बालोद।** कमल फूल की कमी की वजह से इस दीपावली पर्व में फूल दोगुने दाम पर मिलेगा। पूजा के लिए कमल फूल की बिक्री करने वाले व्यापारियों ने बताया कि पड़ोसी जिलों से ही इस बार अधिक दामों में फूल आ रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को पिछले सालों की तुलना में इस साल अधिक दाम पर फूल खरीदना होगा। दीपावली पर्व में लक्ष्मी पूजा का विशेष महत्व है, लक्ष्मी जी का पूजन कमल फूल के बिना अधूरा माना जाता है। कमल फूल की बढ़ती मांग और फूलों की कमी के कारण अभी से इसकी एडवांस बुकिंग शुरु हो गई है। बता दें कि गत वर्ष गत वर्ष 10 रुपए प्रति नग फूल बिका था।

# दीपावली की तैयारियां जोरों पर, ग्राहकों के स्वागत में सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही थानखम्हरिया के बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों पर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की सुंदर मूर्तियां सज चुकी हैं, और लोग पूरे उत्साह के साथ इनकी खरीदारी में जुटे हैं।

इस पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए, बाजार में दीपावली से जुड़ी हर सामग्री जैसे दीये, पूजा की सजावट, रंगोली, मिठाइयां आदि की व्यापक उपलब्धता देखी जा रही है। दीपावली की खरीदारी के कारण बाजार में एक अद्भुत उत्सव का माहौल बना हुआ है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस समय फसल कटाई में व्यस्त हैं, जिससे बाजार में ग्राहकों की संख्या कम दिखाई दे रही है। लेकिन, दुकानदारों को उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में खरीदारों की संख्या में वृद्धि होगी और बाजार में और अधिक रौनक देखने को मिलेगी।

इसके अतिरिक्त, इस वर्ष बाहर से आए फुटकर व्यापारियों ने भी बाजार में अपनी दुकानें सजा ली हैं। प्रमुख मार्गों के किनारे विभिन्न कुम्हारों ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जहां विभिन्न प्रकार की मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया है। कुम्हारों द्वारा हाथ से बनाई गई मिट्टी की मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियां लोगों का विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

### अपने हाथों से बनाए दीए व मां लक्ष्मी-गणेश की सुंदर मूर्तियां लेकर पहुंचे कुम्हार



#### व्यापारी वर्ग उत्साहित

थानखम्हरिया के दुकानदारों का मानना है कि दीपावली के इस शुभ अवसर पर बाजार में भारी भीड़ उमड़ेगी और सभी को दीपावली की तैयारियों का आनंद मिलेगा। दीपावली को लेकर व्यापारी वर्ग भी उत्साहित है और ग्राहकों के स्वागत के लिए हर प्रकार की तैयारियां पूरी कर चुका है।

#### पटाखा दुकानें खेल मैदान में

प्रशासन द्वारा भी दीपावली के मद्देनजर विशेष प्रबंध किए गए हैं। प्रशासन ने इस बार पटाखे की दुकानों को खेल मैदान में लगाने का आदेश जारी किया है, जिससे बाजार की भीड़ और ट्रैफिक जाम को नियंत्रित किया जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से भी सभी फटाका विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित स्थान पर ही अपने स्टॉल लगाएं। इस कदम से बाजार क्षेत्र में अधिक सुरक्षा और सुव्यवस्था बनी रहेगी।

## दुर्घटना

# बाइक सवार युवकों को मालवाहक ने ठोका, दो की मौत, एक गंभीर

### ग्राम ढोलिया-चारभाठा बायपास मार्ग पर हुई दुर्घटना, वाहन चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाईपास मार्ग पर रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया। तीनों युवक बाइक पर सवार होकर ग्राम ढोलिया जा रहे थे। इसी बीच मालवाहक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मालवाहक का चालक फरार हो गया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर कारवाई कर रही है। दोनों मृतकों के शव को जिला अस्तपाल के मरच्युरी में रखा गया है।

■ ग्रामीणों ने कहा- इस रास्ते पर मोड़ बहुत हैं

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम ढोलिया- चारभाठा के मध्य से होकर गुजरे ग्राम बैजी से चोरभट्ठी तक बने एप्रोच रोड को पार करते समय बाईक सवार तीन युवक को बैजी की ओर से आ रहे मालवाहक वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार जिला मुख्यालय स्थित सिधौरी निवासी बाइक सवार ताराचंद पिता नारायण साहू उम्र 21 साल व उसका साथी राजकुमार खर्रे ग्राम मूंगआये निवासी व निलेष खरे ग्राम मुंगवाय निवासी तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को उपचार के लिए संजीवनी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर मौजूद डाक्टर ने ताराचंद साहू व राजकुमार खर्रे को मृत घोषित कर दिया। वहीं, निलेश का प्राथमिक उपचार करने के बाद रेफर कर दिया गया। दोनों मृतकों के शव को मरच्युरी में रखा गया है।

बाइक को ठोकर मारने वाला मालवाहक चालक वाहन सहित फरार हो गया। प्रकरण में पुलिस ने मृतकों के परिजन की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लिया है।



#### ग्रामीणों ने की स्ट्रीट लाइट की मांग

आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि चारभाठा बायपास मार्ग पर मोड़ बहुत ज्यादा हैं, इसलिए यह रास्ता बहुत खतरनाक हो गया है। वहीं, इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं है, जिसके कारण रात में यहां से गुजरने में लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने बताया कि यहां दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। लोगों ने यहां लाइट लगवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है, ताकि दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# मिठाई दुकानों पर खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग की कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली एवं इससे जुड़े त्यौहार नज़दीक आता देख ज़िले के सभी एसडीएम सतर्क हो गए हैं। उनके निर्देश पर राजस्व अधिकारियों, नगर पालिका और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों की टीम इलाक़े के ज़्यादातर मिठाई, होटल और रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण कर रही है। साफ़-सफ़ाई नहीं पाए जाने या दूषित खाद्य-पदार्थ पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों-दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई के अलावा जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं।

■ कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा लगातार की जा रही छापामार कार्रवाई

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के सभी एसडीएम और खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को ऐसे प्रतिष्ठानों जहां मिलावटी मिठाईयां एवं अन्य खाद्य पदार्थ बनाए जाते हैं, उनकी जांच एवं उन पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए।

अब दीपावली त्यौहार का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में बेमेतरा जिले के मिठाई की दुकानों में मिलावटी मिठाइयां व अन्य खाद्य पदार्थ बिकने के खतरे ज़्यादा बढ़ जाते हैं। इसी पर अंकुश लगाने लोगों की सेहत को को सर्वोपरि रखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम और खाद्य एवं औषधि अधिकारियों को ऐसे मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों पर लगातार निगरानी बनाए रखते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

# देवरबीजा में जगह-जगह कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

बेरला जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरबीजा मुख्यालय में काफी अरसे से अस्वच्छता का वातावरण देखने को मिल रहा है। जिसमे गाँव के चौक-चौराहों के समीप कूड़े-कचरे का ढेर लगा है। जिसको स्थानीय पंचायत प्रशासन द्वारा ज़रा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शासन-प्रशासन द्वारा हरसाल लाखों रुपये की राशि सभी पंचायत प्रशासन को स्वच्छता की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदान की जाती है, लेकिन असल में इसका धरातल पर बिल्कुल असर नहीं दिखाई देता है।

■ जिम्मेदारों की लापरवाही से स्वच्छता व स्वास्थ्य को लेकर उठ रहे सवाल

दरअसल देवरबीजा गाँव में दुर्ग-बेमेतरा राजकीय राजमार्ग पर साजा मोड़ के पास सार्वजनिक शौचालय के आसपास कचरे का अंबार लगा है। इससे देवरबीजा गाँव की स्वच्छ एवं स्वस्थ छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वैसे तो देवरबीजा गाँव आसपास के दो-तीन दर्जन गाँवों का केंद्र है एवं यहाँ शासकीय महाविद्यालय, उपतहसील, पुलिस चौकी, केंद्रीय बैंक सहित अन्य कई अहम सरकारी कार्यालय स्थित हैं। इससे रोजाना यहां क्षेत्र के हज़ारों ग्रामीणों की भीड़ पहुंचती है, जो अपने देवरबीजा गाँव के मुख्यालय में इस तरह का प्रदूषित माहौल को देखकर विचलित हो जाते हैं।

वहीं, इससे यहां की स्थानीय पंचायत प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठते हैं। बताया जा रहा है कि देवरबीजा की बस्तियों से लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण स्थलों पर इसी तरह कूड़े-कचरे एवं गन्दगी का भरमार है, जिसे पंचायत प्रशासन द्वारा बेहतर तरीके से उठाव व निस्तारण नहीं किया जाता है।

### बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में 5.52 करोड़ से होंगे विकास कार्य



**बेमेतरा।** क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में बेमेतरा विधानसभा को पंचायत एवं ग्रामीण विकाश विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 5.52 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की सौगात मिली है।

इसके तहत खुडमुड़ी से भैंसा, ग्राम तिरैया से रवेली, बारगांव से बलौदीकला एवं कुसमी से सुरहोली सड़क निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति कर राशि प्रदान की गई है। इस राशि की स्वीकृति पर विधायक दीपेश साहू ने विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। केवल 10 माह में मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहे हैं।

# बच्चों को दी गई यातायात नियम और हिट एंड रन की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जिला प्रधान न्यायाधीश ब्रजेंद्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन मे जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश व निधि शर्मा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की मौजूदगी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन सृजन आईटीआई में किया गया।

शिविर में अपर सत्र न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के अंतर्गत ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता, हेलमेट का उपयोग तथा वाहन बीमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही पॉक्सो एक्ट अधिनियम की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अपराध से बचने की सलाह दी। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा ने छात्र-छात्राओं को हिट एंड रन के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी व सोशल मीडिया के दुष्परिणाम एवं निः शुल्क कानूनी विधिक सहायता की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में सृजन आईटीआई के प्राचार्य सी. राम वर्मा एवं सृजन पब्लिक स्कूल प्राचार्य नशीम खान व अन्य शिक्षक सहित पैरालीगल वॉलिंटियर्स पंकज घृतलहरे, धरम बारले, पवन साहू, संजीव शर्मा, सोनिया राजपूत, स्वाति कुंजाम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उपस्थित रहे।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



# फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड का टेंडर निरस्त

## केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने नाफेड की जांच करने छत्तीसगढ़ शासन को लिखा पत्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर कहा है कि फोर्टिफाइड चावल खरीदी के लिए नाफेड द्वारा निकाले गए टेंडर को निरस्त करें। केंद्रीय खाद्य विभाग में सहायक निदेशक डॉ. प्रीति शुक्ला ने राज्य शासन के खाद्य सचिव से नाफेड की जांच कर अवगत कराने कहा है। नाफेड, यह फोर्टिफाइड चावल मार्कफेड के लिए खरीदी करता है। इससे पहले प्रदेश के राइस मिलर्स ने केंद्रीय खाद्य विभाग को शिकायत की थी, इसमें कहा गया था कि फोर्टिफाइड चावल की महत्वाकांक्षी योजना में लगने वाले एफआरके चावल के लिए छत्तीसगढ़ में नाफेड ने टेंडर बुलाया गया था। टेंडर में कुछ ऐसे नियम लगाए गए थे, जिससे कुछ विशेष निर्माताओं को ही लाभ हो। प्रदेश राइस मिल एसोसिएशन के इस अनियमितता की शिकायत पर यह पत्र भेजा था। बताया गया है कि नाफेड ने इसी महीने 44 हजार टन चावल खरीदने का टेंडर जारी किया था।

**तीसरी बार हुआ टेंडर निरस्त :** नाफेड को यह फोर्टिफाइड राइस जनवरी-फरवरी में राज्य को देना था। दो बार टेंडर निकाला गया था उसमें टेंडर की शर्तों को लेकर शिकायत के बाद निरस्त किया गया। तीसरी बार जो टेंडर जारी किया गया उसमें भी कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का प्रयास था, इस बार नाफेड ले इसे निरस्त करने से मना कर दिया था, तब राइस मिलर एसोसिएशन ने इसकी शिकायत सीधे केंद्र के खाद्य मंत्रालय को किया।

### कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप

छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन ने भी गंभीर आपत्तियां दर्ज की थी। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि नाफेड ने इस टेंडर में ऐसी शर्तें डाली थीं, जिसे कुछ खास कंपनियां ही पूरा कर सकती थीं। एसोसिएशन ने केंद्र सरकार से शिकायत कर दी थी कि फोर्टिफाइड राइस के टेंडर के जरिए नाफेड कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश कर रहा है।



### नाफेड को सप्लाई का एकाधिकार

खरीफ वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार के आदेश के अनुसार राज्य के समस्त एफआरके निर्माताओं से इस चावल की खरीदी कर उसे मार्कफेड को सप्लाई करने का एकमेव एकाधिकार नाफेड अर्थात नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड जो कि भारत सरकार की एक बड़ी इकाई है, उसे दिया गया। आदेश के अनुसार अन्य राज्यों की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी केवल नाफेड ही एफआरके की खरीदी राज्य के पंजीकृत एवं इम्पेनल निर्माता से ही कर सकेगा और मार्कफेड को विक्रय करेगा। मार्कफेड द्वारा उसे प्रदेश के राइस मिलर्स को प्रदाय किया जाएगा, जिसे प्रदेश के मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल में 1 प्रतिशत मिश्रित कर राज्य की चावल खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम एवं केंद्रीय चावल खरीदी एजेंसी भारतीय खाद्य निगम में सप्लाई करेंगे।

## खबर संक्षेप

### संजय बोले-बैज का बयान विष्णु के सुशासन पर मुहर

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हुईं मुठभेड़ों को कभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुर में सुर मिलाकर फर्जी बताने वाले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आखिरकार 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे को लेकर यह तो स्वीकार कर ही लिया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद टारगेटेड एनकाउंटर हुए हैं और टारगेटेड एनकांटर में कोई आपत्ति नहीं है, बस्तर में शांति लौटनी चाहिए।



### असम उपचुनाव के स्टार प्रचारक होंगे विकास

रायपुर। असम उपचुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को शामिल किया गया है। एआईसीसी ने यहां के उप चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों के नाम निर्वाचन आयोग को दिया है, उसमें उनका नाम शामिल किया गया है। श्री उपाध्याय असम उनचुनाव के विशेष पर्यवेक्षक भी बनाए गए हैं। वहां के चुनाव की गतिविधियों पर पूरी तरह नजर रख रहे हैं।



### इंडिया गठबंधन एकजुटता से करेगा मुकाबला : साहू

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रमुख पदाधिकारियों कि बैठक रखी गई, जिसमें मंथन के बाद यह निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक ताकतों को रोकने के लिए इंडिया गठबंधन एकजुटता से मुकाबला करेगा। इस वजह से रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगी। इंडिया गठबंधन की विचारधारा विकासवाद, समावेशिता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर है। अपने प्रयासों को मिलाकर, सदस्य दलों का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना, कल्याण और प्रगति को बढ़ावा देना और उस विचारधारा का मुकाबला करना है, जो भारत के विचार को खतरे में डालती है।



### विकसित राष्ट्र बनाने में सहकारिता की भागीदारी होगी महत्वपूर्ण : शेखर

**रायपुर।** बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) कोलकाता द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान पंडरी में तीन दिवसीय आयोजित प्रदेश के को-ऑपरेटिव बैंकों के अधिकारियों के प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नाबार्ड महाप्रबंधक शीतांशु शेखर ने प्रतिभागियों को संबोधित हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशन में वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। देश के आर्थिक विकास का आधार सहकारिता है।

## हाई स्कूल बीजा के स्काउट गाइड शिविर में 26 स्कूलों के छात्र हुए शामिल

# छात्रों ने कैम्प फायर में दिखायी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन शंकराचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा में हुआ। प्रथम दिवस प्रातः 9 बजे से पंजीयन का कार्य प्रारंभ हुआ। इसमें पूर्व माध्यमिक शाला से 8 स्कूल के स्काउट गाइड एवं 18 हाई व हायर सेकण्डरी स्कूल से लगभग 93 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर उपस्थित थे। प्रथम दिवस फ्लैग के बाद परिचय सत्र और उपस्थित स्काउट गाइड को अलग-अलग दल में बांटने और कुछ जानकारी प्रदान करने के पश्चात बच्चों द्वारा कैम्प फायर में व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ।

साहित्य में उनकी रुचि जागृत करने कवियों को अतिथि के रूप में बुलाया गया था, जिसमें महासमुंद से प्रसिद्ध कवि सुरेंद्र अग्निहोत्री, बेरला चंडी से रामहृदय वर्मा, तोरण थानखमरिया से हरीश पटेल, दनिकोकड़ी से लोकनाथ यादव ने छात्र छात्राओं को मंचीय प्रस्तुति की बारीकियों से अवगत कराया। द्वितीय दिवस द्वितीय सोपान में सभी विषयों का अध्यापन कार्य कराया गया। ध्वज बांधना, फहराना, ध्वज गीत, प्रार्थना, शिविर के नियम, इतिहास, विधियां, गांठे बांधना, बिना बर्तन के भोजन बनाना सिखाया गया और बच्चों को दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं का सामना करना सिखाया गया। शाम को ग्रैंड केम्प फायर में सभी दल बहुत ही कम समय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार और रंगारंग प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कैंप फायर में अतिथि स्वागत गीत रचना साहू ने प्रस्तुत की। ग्रैंड केम्प फायर में मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे जी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम को उपयोगी और स्कूली जीवन मे उसके लाभ पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम शिविर संचालक आयोजक संयोजक और व्यवस्थापकों को शुभकामनाएं प्रदान की।






विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी ने आने वाले समय में भव्य कार्यक्रम कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक बीडी बघेल, ग्राम पंचायत बीजा उपसरपंच, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, बीजा प्राचार्य मुरारी भुवाल सर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

तृतीय दिवस सर्व धर्म प्रार्थना कराया गया फिर हाईक (भ्रमण) में प्राचीन सीता माता मंदिर का भ्रमण कराया गया। सभी विद्यार्थी को प्रमाण पत्र भेंट किया गया। शिविर डी ओ सी फनेंद्र लोधी, संचालक माखन वर्मा, ईश्वर लाल साहू, संध्या दीपक, अर्चना नांगवंशी, धर्मेंद्र वर्मा, सुखचैन दास जोशी, मुकेश राजपूत, नीरज वैष्णव, बिसेन सिंह राजपूत, मीना साहू, पुरुषोत्तम साहू, ऋषभ राजपूत, भोजेश्वरी राजपूत, संजय कोशले, चंपा देवी, बनवारी प्रसाद, पूरन चेलक, सुरेश साहू आदि की विशेष भूमिका रही।

# कलार समाज की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में हुई समाज की बैठक

छत्तीसगढ़ कलार समाज बेमेतरा की बैठक गांधी भवन बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश संरक्षक दीपक डडसेना, बिरेंद्र जयसवाल अध्यक्ष बेमेतरा, बिंदिया जयसवाल महिला अध्यक्ष बेमेतरा, अशोक जयसवाल बेमेतरा, ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर बेरला अजय सिन्हा नवागढ़ सहित समाज के अनेक लोगों की उपस्थिति में भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य आतिथि ने कहा कि अपने लक्ष्य पर अडिग रहकर कार्य करने से सफलता अवश्य मिलती है। सकारात्मक विचार धारा से व्यक्ति एवं समाज का विकास संभव है। बेमेतरा अध्यक्ष बिरेंद्र जयसवाल ने समाज में मातृ शक्ति की सहभागिता को सराहा। जिला महामंत्री मोहन सिन्हा ने बताया कि बैठक में राज्योत्सव में होने वाले माता बहादुर कलारिन अलंकरण सम्मान समारोह के बारे में जानकारी सहित आने वाले त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में सामाजिक लोगों को जन प्रतिनिधि बनाने में आवश्यक सहयोग करने पर जोर दिया गया। वहीं, कार्तिक सप्तमी को पूरे जिले में भगवान सहस्त्र बाहु जयंती मनाने को लेकर अनेक महत्वपूर्ण लिए गए। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निपटारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जयसवाल व आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मोहन सिन्हा ने किया। इस अवसर प्रदेश युवा उपाध्यक्ष देवलाल सिन्हा, हुकुम सिन्हा, बिरेंद्र जयसवाल, मोहन सिन्हा, शिवझडी सिन्हा, जिला अध्यक्ष युवा मंच कुलेश्वर सिन्हा, मनोज सिन्हा, कामता सिन्हा, अशोक सिन्हा, रघुवीर सिन्हा, दीपक सिन्हा, कामता सिन्हा सहित युवा मंच महिला मंच सहित अधिक संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# चैंबर और कैट ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स और कैट की सीजी चेप्टर इकाई ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने आया त्योहार चलो बाजार अभियान शुरू किया है। इसके तहत समाज के जरूरतमंद लोगों के घरों में रोशनी लाने 11 हजार मिट्टी से बने दीपों का वितरण किया गया। रवि भवन जयस्तंभ चौक पर इस कार्यक्रम की शुरुआत चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने की।

चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने बताया कि दीप वितरण कार्यक्रम चैंबर की ओर से एक छोटी सी पहल है। इसके माध्यम से प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों और आम जनता से यह अपील है कि वे चाइनीज लाइटों एवं चाइनीज डेकोरेटिव प्रोडक्ट्स का पूर्ण रूप से बहिष्कार कर मिट्टी के दीए जलाएं। स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता दे सकते हैं। चैंबर और कैट सीजी चेप्टर इकाई के दीप वितरण कार्यक्रम में 11-11 दीपों का 1 हजार पैकेट तैयार कर 11 हजार दीपक वितरित किए गए। इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, कैट सीजी चेप्टर के परमानंद जैन, कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, मंत्री रतन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक रेखा रानी ने किया स्ट्रांगरूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। इस क्रम में शनिवार को सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने सेजबहार के इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

रेखा रानी ने इस दौरान कहा कि मतदान सामग्री का वितरण एवं वापसी इंजीनियरिंग कॉलेज से किया जाना है, जिसे व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने राजनैतिक दलों के लिए स्ट्रॉग रूम में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने बैरिकेड्स की अच्छी व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**डाकमत पत्र समय-सीमा पर वितरण करें :** प्रेक्षक रेखा रानी ने कहा कि पोस्टल बैलेट के संबंध में सारी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। जिन अधिकारियों-कर्मचारियों को डाक मतपत्र दिया जाना है, उनकी अंतिम सूची बना लें और समय-सीमा के भीतर वितरण करें। निरीक्षण के दौरान उप जिला चुनाव अधिकारी उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग आफिसर राकेश देवांगन उपस्थित थे।

### कलेक्टोरेट कंट्रोल रूम में आने वाली शिकायतों का रिकॉर्ड रखने के निर्देश

व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दमोर ने कलेक्टोरेट स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों की बैठक भी ली, जिसमें उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में आने वाले शिकायतों का रिकॉर्ड रखे। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्याशी के तय होने के बाद से उनके सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए और पैड न्यूज की निगरानी भी की जाए। उन्होंने कहा कि फोन कॉल के माध्यम से पहुंचने वाली शिकायतों की तुरंत जांच की जाए, साथ ही राजनैतिक कार्यक्रमों एवं रैलियों की वीडियोग्राफी कराई जाए। इस बैठक में सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे। व्यय प्रेक्षक के साथ पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा ने एसएसटी एवं एफएसटी चेक पाइंट का भी निरीक्षण किया।

# दक्षिण विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिये कांग्रेस नेताओं ने रणनीति बनाई है। कांग्रेस नेताओं ने सभी सेक्टर तथा बूथ एवं वार्ड प्रभारियों को उनके क्षेत्र की विस्तृत जानकारी दी। सभी ब्लाकों में तथा कुल 19 वार्डों में विधानसभा क्षेत्र को बांटकर वरिष्ठ नेताओं को प्रभार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं ने इस बात के लिये एकजुटता दिखाई कि दक्षिण विधानसभा में अबकि बार कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। ब्लाक या वार्ड या स्थानीय वोटर को चिन्हित कर सकते हैं। सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करना है। भाजपा सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। विधायकों, पूर्व विधायकों, वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, चुनाव में सरकार की नाकामी बड़ा मुद्दा है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को शर्मसार कर दिया है। भाजपा की सरकार ने सामाजिक वातावरण को खराब किया है।







# दूसरी बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ मंदिर के किए दर्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो दिवसीय प्रवास पर राजधानी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। इस दौरान श्रीमती मुर्मू ने मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन करते हुए आरती की। फल और मिष्ठान्न भी भेंट किया। विधिवत पूजा के साथ भगवान जगन्नाथ से छत्तीसगढ़ सहित देशवासियों के कल्याण और समृद्धि की प्रार्थना की। राष्ट्रपति ने संपूर्ण मंदिर का भ्रमण करते हुए देवी देवताओं के दर्शन किए। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जगन्नाथ मंदिर यह दूसरा प्रवास था। पिछले वर्ष भी महामहिम द्रौपदी मुर्मू जगन्नाथ मंदिर के दर्शन करने पहुंची थीं। इस दौरान मंदिर समिति के चेयरमैन व रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने मंदिर के इतिहास और महत्व की उन्हें जानकारी दी।

### राष्ट्रपति ने मंदिर का किया भ्रमण

राष्ट्रपति ने भगवान के दर्शन करने के साथ ही मंदिर में परिसर में अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन किए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आमंत्रित अतिथियों में विधायक धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, वरिष्ठ नेता छगन लाल मूंदड़ा, मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, अमर पारवानी, सतीश छुगानी, राजीव लोचन महाराज, जी.स्वामी, सदन तिवारी, स्वामी परमात्मानंद इत्यादि ने मुलाकात की। अंत में विधायक पुरंदर मिश्रा के परिजनों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर विदाई










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


समस्त क्षेत्रवासियों को
धनतेरस, गोवर्धन पूजा, लक्ष्मी पूजा, दीपावली एवं भाई दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं...
shree_jewellers_bemetara
श्री ज्वेलर्स
पालिका बाजार के सामने, मेन रोड, बेमेतरा (छ.ग.)
Mob.: 78698-25787
श्री ज्वेलर्स
बेमेतरा (छ.ग.)
मात्र ₹
8000
रुपये की नगद जेवर की खरीदी पर कुपन जिसमें आप पा सकते है ढेरो ईनाम
पिछले 4 वर्षो की तरह एक बार फिर से
लेकर आया है अपने सभी सम्मानीय ग्राहकों के लिये
भव्य उपहार योजना
योजना अवधि 03.10.2024 से 27.06.2025 तक
ड्रा दिनांक 06.07.2025
1st ALTO K10
5th 190L Freeze
2nd HONDA ACTIVA 5G
6th 6.2kg Washing Machine
7th Jumbo Simphny Cooler
3rd 5 Seeter Luxjari Sofa
8th 78 inch Almari
9th Smart Phone
10th Home Theater 5.1
4th Smart LED TV
11th Mixi
12th 50 सांत्वाना पुरस्कार
*नियम एवं शर्तें लागू
विक्रय वृद्धि योजनांतर्गत
1. ALTO K10 Std Model (1PC)
2. Honda Activa 6G (1PC)
3. 5 Seeter Luxjari Sofa (1Set)
4. SMART LED TV (2PC)
5. 190L. Freeze (2PC)
6. 6.2 kg Washing Machine (2PC)
7. Jambo Simphny Cooler (2PC)
8. 78inch Almari (4PC)
9. Smart Phone (2PC)
10. Home Theater 5.1 (7PC)
11. Mixi (7PC)
12. Santawana (50PC)

**खबर संक्षेप**

### दीपावली पूर्व किश्त जारी, स्वाधीन ने जताया सीएम साय का आभार

**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं कांकेर जिला के सदस्यता अभियान प्रभारी स्वाधीन जैन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा महतारी वंदन योजना की 9 वीं क़िस्ति दीपावली पर्व से पूर्व जारी किये जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। श्री जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में मातृ-शक्ति के साथ ही गरीब और किसानों के राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण के लिए क्रांतिकारी कदम सतत उठाए जा रहे हैं। स्वाधीन जैन ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत हमारे प्रदेश की लाखों बहनों को सशक्त बनाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। इसी तरह इस वर्ष दीपावली का प्रकाश-पर्व प्रधानमंत्री आवास के साथ लाखों गरीब परिवार अपने-अपने पक्के घरों में मनाने वाले हैं। इसी तरह आगामी नवंबर माह में हमारे प्रदेश के लाखों किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीदकर उन्हें भी सशक्त बनाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है।

### कलाकार से लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** सरकारी कार्यक्रम दिलाने और फाइल बनाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। कलाकर ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। मोगर गंवई गांव खुर्सपार निवासी लोक कलाकार नवलदास मानिकपुरी ने शिकायत किया है कि वार्ड 36 दुर्गा चौक रायगढ़ निवासी जितेश चौहान, राकेश कुमार त्रिपाठी, महिला यादव नामक तीन लोगों ने मिलकर 1.30 लाख रुपए का ठगी किया है। तीनों ने मिलकर कलाकार नवलदास मानिकपुरी से सरकारी कार्यक्रम दिलाने, फाइल तैयार कर रजिस्ट्रेशन कराने का झांसा दिया। पीड़ित ने बताया कि जितेनश चौहान की पत्नी किरण चौहान के खाते में रकम ट्रांसफर किया गया है। उक्त लोगों से पीड़ित ने राशि लौटाने की कई बार गुहार लगाई लेकिन लगातार घूमाया जा रहा है। पीड़ित लोकमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुति कर अपना परिवार का भरण पोषण करते है। घटना की शिकायत रायगढ़ स्थित कोतवाली थाने में की गई है लेकिन 20 दिनों बाद भी ठगी करने वाले लोगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई।

### निगरानीशुदा बदमाश की हत्या दो दिन पहले हुई थी शादी

**भिलाई।** दो दिन पहले निगरानीशुदा बदमाश की हुई थी शादी और पुरानी रंजिश के चलते हत्या कर आरोपी मौके से फरार हो गया है। दूसरे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। शिकायत पर पुलिस ने हत्या का अपराध कायम कर आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर दुर्ग निवासी परमेश्वर निर्मलकर उर्फ टोपू अपने दोस्त जितेन्द्र के साथ बाइक पर जा रहा था। इस दौरान शांति नगर चौक पर विकास उर्फ पिंटू ने टोपू को आवाज देकर बुलाया। आवाज सुनकर परमेश्वर ने अपनी बाइक रोक दी। अचानक विकास तेजी से आया और चाकू से परमेश्वर और जितेन्द्र पर ताबड़तोड़ हमला कर फरार हो गया।

अभियान : विधायक साहू ने जताया कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों का आभार

# विधायक दीपेश ने बनाए 10 हजार से ज्यादा सदस्य, मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा सदस्यता अभियान-2024 के तहत बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के रेफ़रल कोड से 10,000 से ज्यादा सदस्य विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ चुके हैं। इसी विषय को लेकर नगर के भद्रकाली मंदिर प्रांगण मे संध्या आरती में शामिल होकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में केक काटकर खुशियाँ मनाई। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सशक्त नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। 10 हजार प्लस सदस्यों की इस उपलब्धि में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बेमेतरा विधानसभा के समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करता हूं। विधायक साहू ने अपील करते हुए कहा कि मेरे रेफरल लिंक के माध्यम से जुड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करें और राष्ट्र निर्माण में अपना भी योगदान सुनिश्चित करें।

इस दौरान ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, शहर मण्डल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, युगल देवांगन, योगेश वर्मा, डॉ भुनेश्वर साहू, गौरव साहू, रेवा राम निषाद, गोलू कोशले, छात्र कुमार देवांगन, निखिल साहू, धर्मराज खांडे, लक्ष्मीनारायण यादव, परमेश्वर साहू, ओमकार साहू, नरेश साहू, संजू सिँह राजपूत, दीनानाथ साहू, आशीष साहू, अभिनव ठाकुर, सुनीता साहू, पिंकी गुप्ता, मीनू पटेल, नीतू कोठारी पार्षद, ममता साहू, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### नितेश भाजपा में लौटे विधायक ने कराया प्रवेश

पूर्व जिला भाजयुमो के उपाध्यक्ष नीतेश शर्मा ने वापस भाजपा का दामन थाम लिया उन्हें विधायक दीपेश साहू ने पार्टी गमछा व सदस्यता दिलाते हुए पार्टी में शामिल कराया। बता दें कि बीते वर्ष भाजपा संगठन पर गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से किनारा करते हुए कांग्रेस छोड़ने की घोषणा कर दी थी, परन्तु विधिवत भाजपा में शामिल नहीं हो पाए थे।

## खेल हमारे जीवन का आवश्यक अंग : दीपेश



**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बहेरा में समस्त ग्रामवासियों द्वारा पंथ श्री हुजूर घृनध मुनि नाम साहेब की स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उसके बाद कबड्डी कार्यक्रम का लुत्फ उठाया । इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक और अभिन्न अंग है तथा खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शरीर को तंदरूस्त रख रकते हैं, बल्कि आज खेल रोजगार का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। ऐसे में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों पर ध्यान देना चाहिए। साहू ने सफलता पूर्वक कार्यक्रम के आयोजन के लिए समस्त आयोजक समिति और ग्रामवासियों को बधाई दी। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक श्री साहू ने कहा कि मैं खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कमी होने नहीं दूंगा। खिलाड़ी और आयोजक समिति की मांग पूरी करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, परमेश्वर साहू, योगेश वर्मा, देवराम साहू पार्षद, छत्रकुमार देवांगन, युगल देवांगन, गौरव साहू, संजू सिंह राजपूत, लक्ष्मीनारायण यादव, भीम वर्मा, नागेश वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, ग्रामवासी क्षेत्रवासी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

## अकोला स्कूल में हुई दीपक सजाओ और ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में प्रधानपाठक हिम कल्याणी सिन्हा के मार्गदर्शन में दीपावली त्यौहार के अवसर पर दीपक सजाओ, ग्रीटिंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया।

बच्चों ने अपने हाथों से आटा, मिट्टी और गोबर के दीपक बनाकर सजाये। साथ ही बच्चों ने चार्ट पेपर, पुट्ठा आदि से ग्रीटिंग कार्ड बनाकर अपने शिक्षक को दीपावली त्यौहार की शुभकामना सन्देश लिखा। बारी बारी से सभी बच्चे दीपक और ग्रीटिंग कार्ड को कक्षा में सजाये सभी बच्चों के सामग्री का अवलोकन करने के पश्चात प्रतियोगिता में मधु कक्षा पांचवी प्रथम स्थान, विशाखा कक्षा पांचवी द्वितीय स्थान, प्रिया कक्षा तीसरी तृतीय स्थान प्राप्त की।

सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार भेंट किए। सहायक शिक्षिका हेमलता ठाकुर दीपावली से सम्बंधित कहानी से बच्चों को अवगत कराई। हिरेश टंडन सुरक्षित त्यौहार मनाने हेतु बच्चों को आवश्यक जानकारी दिए। पंचराम निषाद, मुन्नी यादव बच्चों का उत्साहवर्धन किए, इसी के साथ बच्चों का मुँह मीठा कर हर्षोल्लास के साथ शाला में दीपावली का त्यौहार मनाया।

### सुआ नाचने पहुंची बहनों का विधायक ईश्वर ने



**साजा।** दीपावली पर्व पर छत्तीसगढ़ की परंपरा सुआ नृत्य के साथ बहने लोगों को घर-घर शुभकामनाएं दे रही है विधायक निवास में पहुंची बहनों का विधायक ईश्वर साहू ने सपरिवार स्वागत किया।

## कम उम्र के बच्चों को सीधे पटाखे न बेचें, अभिभावकों की उपस्थिति में ही दें : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं ज़िला दंडाधिकारी शर्मा ने कहा कि बेमेतरा ज़िले में आयातित पटाखे बेचना एवं उनका उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा करने पर "एक्सप्लोसिव एक्ट" की संबंधित धारा के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ज़िले की जनता से स्थानीय उत्पादों को खरीदने की अपील की है। उन्होंने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि दीपावली के दौरान मिट्टी के दिये खरीदें, जिससे स्थानीय कुम्हारों को रोजगार मिले। छत्तीसगढ़ में दिवाली, छठ, गुरूपर्व पर दो घंटे पटाखे फोड़े जा सकेंगे। इसके साथ ही ऑनलाइन पटाखों की बिक्री पर बैन लगा दिया है। सरकार ने ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से पालन का निर्देश दिया है।

■ कलेक्टर ने पटाखा व्यापारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने ज़िले के सभी पटाखा विक्रेताओं से भी आग्रह किया कि वे कम उम्र के बच्चों को सीधे पटाखे न बेचें। बच्चों को अभिभावक की उपस्थिति में ही पटाखे दें। छोटे पटाखे जैसे फुलझड़ी, चकरी, अनार भी दुकानदार अभिभावक के सामने ही बच्चों को बेचें, ताकि किसी प्रकार की घटना, दुर्घटना न हो। किसी पटाखा दुकान पर 18 साल से कम उम्र के बच्चों को काम पर रखने वालों के खिलाफ भी प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। नए निर्देशों के तहत प्रशासन और संबंधित थाना पुलिस पटाखा दुकान पर नजर रखेगी। जो विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयातित पटाखों से ध्वनि प्रदूषण अधिक होने के साथ सेहत पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि विस्फोटक अधिनियम के अंतर्गत अवैध पटाखों के भंडारण,वितरण तथा विक्रय एवं उपयोग पर 2 साल की सजा का प्रावधान है। अतः कोई भी पटाखों का भंडारण, वितरण, विक्रय अथवा उपयोग न करें। पटाखों के विक्रय के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा भी जारी गाईड लाइन के उपयोग किए जाने के संबंध में ज़ोर दिया गया है, जो कि न केवल अवैधानिक आयातित पटाखों के संबंध में, बल्कि देश में निर्मित पटाखों के उपयोग के संबंध में है। इसके तहत आयातित आतिशबाजी को बेचना या भंडारण करना गैरकानूनी है।

यह आतिशबाजी संवदेनशील कैमिकल से बनी होती है और ध्वनि मानक के अनुरूप नहीं होती। ऐसी आतिशबाजी का उपयोग व्यक्ति की सेहत को खतरे में डाल सकता है। केमिकल्स इंसानों के लिए खतरनाक होने के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक हैं। अनाधिकृत आतिशबाजी क्रय-विक्रय करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विस्फोटक नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## आरक्षक ऐश्वर्य, जय और नीरज ने किया रक्तदान



**बेमेतरा।** बेमेतरा के स्टाफ ब्लड डोनर्स ग्रुप एडमिन व रक्तदाता बेमेतरा जिले के पुलिस आरक्षक ऐश्वर्य कुमार सिन्हा, जय कुमार गुप्ता, नीरज सिन्हा ने मरीज के लिए रक्तदान किया। रक्त की कमी से जूझ रही सीमा पाटिल के शरीर में मात्र 4 ग्राम खून था। इसकी जानकारी मिलने पर सीमा के बड़े भाई फत्ते पाटिल ने पुलिस नियंत्रण कक्ष बेमेतरा में संपर्क किया। इस पर पुलिस आरक्षक ऐश्वर्य सिन्हा, जय गुप्ता और नीरज सिन्हा ने जिला चिकित्सालय बेमेतरा पहुंचकर सीमा के लिए रक्तदान किया। समय पर खून मिल जाने से मरीज के परिजनों ने राहत की सांस ली। उन्होंने तीनों जवानों का आभार व्यक्त किया। इस पर पुलिस जवानों ने कहा कि जनसेवा, मानव सेवा करना पुलिस का प्रथम कर्तव्य है।

## नवागांव में किसान के घर बैठकर सुना पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 115 वें एपिसोड को ग्राम पंचायत नवागांव खुड़मुड़ी के सतनामी मुहल्ले में किसान साधु दास के घर के बरामदे में बैठकर सुना। इस दौरान अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मन की बात सुनने एकत्रित ग्रामवासियों को छत्तीसगढ़ सरकार के मुखपत्र जनमन की प्रति का वितरण भी किया गया। कमल बंजारे, रतिराम, रवि बांधे, दिलीप आडिल, कमलेश साहू, देवकुमार बंजारे, दुर्गेश साहू, फ्लेश पाटिल, लक्की रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना।

■ डॉ निर्वाणी ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के अनुभवों का नचोड़ है यह रेडियो कार्यक्रम



इस अवसर पर डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात वस्तुतः उनके विशाल सामाजिक राजनैतिक कार्य क्षेत्र के अनुभव के निचोड़ हैं। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सुनकर सामाजिक राजनैतिक जीवन में कार्य करने का उत्साह चौगुना हो जाता है। उनके अनुभव क्षेत्र से कमाए हुए ज्ञान धन से हम समृद्ध होते हैं। डॉ निर्वाणी ने कहा कि वस्तुतः मोदी राष्ट्र नायक हैं उनके नेतृत्व से भारत विश्व में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ रहा है।

## शासकीय विद्यालय सिंघौरी में मनाया गया दीपावली उत्सव




**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्कूल एवं मिडिल स्कूल, हाई स्कूल सिंघोरी में दीपावली उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने सुवा नृत्य, राउत नाचा, गौरी गौरा, पंथी सहित अनेक पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उसके बाद शाला विकास समिति के अध्यक्ष पोषण वर्मा, वरिष्ठ सदस्य नारद साहू, प्रीतम वर्मा ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों को कापी सहित अन्य सामग्री पढ़ाई लिखाई में सहयोग के लिए भेंट किए। इसके अलावा प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को मिठाई देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। शाला विकास समिति के अध्यक्ष पोषण वर्मा ने कहा कि सिंघोरी स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां, खेल-खेल में एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से कराया जाने से निश्चित ही विद्यार्थियों को लाभ होगा।

### साजा विधायक को सौंपा शुभकामना संदेश...



**साजा।** हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी के बधाई संदेश को साजा प्रतिनिधि राजू शर्मा ने विधायक ईश्वर साहू को सौंपा। इसके लिए विधायक ने हरिभूमि का आभार व्यक्त करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

मौजूद किसानों से की बातचीत, उनका कुशलक्षेम जाना

# प्रभारी सचिव डॉ. प्रसन्ना धान उपार्जन केंद्र लोलेसरा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सचिव, सहकारिता विभाग, गृह एवं जेल एवं जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना शुक्रवार को समीक्षा बैठक के बाद धान उपार्जन केंद्र लोलेसरा पहुंचे। उन्होंने वहां धान ख़रीदी के लिए की गई तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने बायोमेट्रिक से की जाने वाली और बाक़ी कम्प्यूटर आधारित प्रक्रियाओं को बारीकी से समझा। उन्होंने कुछ ज़रूरी निर्देश दिये।

■ कृषि विज्ञान केंद्र की हाईटेक नर्सरी का अवलोकन किया

प्रभारी सचिव प्रसन्ना ने कहा कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। उन्हें छाव, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था पहले कर ली जाए। भुगतान भी समय पर हो जाये। इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, ज़िला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, उप रजीस्टार (डीआरसीएस) बसंत कुमार, उपेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। डॉ. प्रसन्ना ने मौके पर केंद्र में मौजूद किसानों से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने किसानों से बातचीत के दौरान फसल आदि की जानकारी ली। पिछले साल बेची धान और मिले बकाया बोनस की भी जानकारी ली। किसानों ने कहा कि पिछले साल बेची धान का भुगतान भी समय पर मिला और बकाया बोनस की राशि भी बैंक खाते में आ गयी थी।



### अस्पताल में ली आयुष्मान कार्ड की जानकारी

इसके पहले ज़िला अस्पताल में हितग्राहियों के बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की जानकारी लेने पहुंचे। उन्होंने मुख्य ज़िला एवं स्वास्थ्य अधिकारी को शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए भी ज़रूरत के मुताबिक़ शिविर लगा कर पूरा करने कहा। प्रभारी सचिव इसके बाद कृषि विज्ञान पहुंचे। वहां उन्होंने पाली हाउस या हाईटेक नर्सरी की तैयार किए जाने वाले सब्ज़ी के पौधों का अवलोकन किया। कृषकों से बिक्री आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को धान के अलावा अन्य व्यावसायिक फसलों के लिए और प्रेरित करें। उन्हें प्रशिक्षण की ज़रूरत हो वह दिया जाये।

### हाईटेक नर्सरी व सब्जियों के उत्पाद की दी जानकारी

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. तोषण कुमार ठाकुर ने पाली हाउस या हाईटेक नर्सरी की स्थापना व सब्जियों की नर्सरी पौध सामग्री का उत्पादन कार्य के लाभप्रद व्यवसाय आदि के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बेमेतरा जिला में वर्तमान में वर्षभर विभिन्न सब्जी वर्गीय फसलों की खेती 19 हजार से अधिक रकबें में की जाती है। ऐसे कृषक जो कृषि भूमिहीन है वे कृषक अपने घर के अतिरिक्त कमरा में मशरूम उत्पादन कर अतिरिक्त आय भी ले रहे हैं।

